मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 217 ■ सोमवार, 18 नवंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## कालानी की रणनीति पड़ रही भारी

■ ओमी कालानी को मिला मराठा समाज से समर्थन

■ आकाश चक्रवर्ती ने युवाओं को जोड़ा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में अपनी चुनावी रणनीति में सब पर भारी पड़ रहे ओमी कालानी को कल मराठा समाज ने समर्थन का ऐलान किया है। कालानी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में शहर के प्रमुख मुद्दों को दर्शाया है और वादा किया है कि चुनाव जीतने के बाद वो उन्हें पूरा करेंगे। उनके प्रचार के लिए आयी राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने महिलाओं को 3 हजार रुपए देने ऐलान किया है साथ ही पप्पू कालानी ने भी अपनी प्रचार सभा में मुफ्त आरोग्य सेवा और अच्छी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जीत के बाद कालानी इस वादे को पूरा करेंगे। कालानी ने हमेशा से ही अपनी अलग रणनीति कर विरोधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं और उनके पूर्व नगरसेवक व कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ दिया है। युवा नेता आकाश सुमित चक्रवर्ती ने युवाओं को जोड़कर ओमी कालानी की ताकत को बढ़ाया है। यह युवा और उनका नेतृत्व करने वाले आकाश सुमित चक्रवर्ती ही इस चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे।

# कौन बनेगा उल्हासनगर के मुकद्दर का सिकंदर?

विस चुनाव में काटे की टक्कर | क्या शहर की बदतर हालत को सुधार पाएंगे | साम-दाम-दंड-भेद के तहत उम्मीदवारों ने फूंकी ताकत


**उल्हासनगर।** दो दिनों बाद बुधवार 20 नवंबर 2024 को उल्हासनगर विधानसभा चुनाव होने हैं कल चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है ऐसे में इस चुनावी मैदान में उतरे सभी 19 उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं। शनिवार 23 नवंबर 2024 को इस चुनाव के नतीजे आएंगे जिसमें यह पता चल जाएगा कि उल्हासनगर के मुकद्दर को कौनसा सिकंदर मिला है जिसने बाजी मार ली है। फिलहाल इस चुनावी आखाड़े में तीन प्रमुख उम्मीदवार जोरदार टक्कर दिए हुए हैं। जिसमें भाजपा से कुमार आयलानी, राकांपा से ओमी कालानी व राकांपा नेता अपक्ष से भारत राजवानी (गंगोत्री) का समावेश है। इन तीनों के बीच काटे की टक्कर देखने को मिल रही है। इस त्रिकोणीय मुकाबले में आरपीआय से निकाले गए मनसे के भगवान भालेराव और भाजपा से निकाले गए वंचित आघाड़ी के संजय गुप्ता भी मैदान में जोरदार प्रचार कर रहे हैं। चुनाव को जीतने के लिए कार्यकर्ताओं और नेता का दल बदल देखा गया। उम्मीदवार जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद के तहत पूरी अपनी ताकत फूंकें हुए हैं। लेकिन शहर की बदतर हालत पर जनता अभी भी आंसू बहा रही है। क्या इस बदतर हालत के जिम्मेदार नेताओं को यह ऐहसास है? शहर की जनता फिर भी इस उम्मीद में है कि भविष्य में शहर के हालात सुधरेंगे और अपने कर्तव्य का पालन कर वो मतदान जरूर करेंगे।

## क्या शहर का इतिहास बदल पाएंगे गंगोत्री?



उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में 1990 से 2024 तक कालानी अथवा आयलानी ने राज किया है। ऐसे में इन वर्षों में शहर का विकास न होने के कारण और सिंधी समाज का पलायन होते देख राकांपा नेता भारत राजवानी (गंगोत्री) ने चुनाव मैदान में उतरने का मन बनाया। इन दोनों के राज को आज तक किसी ने नहीं तोड़ पाया ऐसे में क्या अपक्ष उम्मीदवार के रूप में खड़े गंगोत्री इस इतिहास को बदल पाएंगे। हालांकि गंगोत्री की उल्हासनगर-4 व 5 में आम जनता की बीच अच्छी लोकप्रियता है और वो कर्मठ नेता के रुप में उभरे हैं। ऐसे में उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में उनकी पहली पारी है और पहली ही पारी में कुछ ही दिनों के प्रचार में गंगोत्री ने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के मुद्दे को घर-घर पहुंचाकर दोनों को कड़ी टक्कर दिए हुए हैं। गंगोत्री को कालानी-आयलानी से त्रस्त जनता का समर्थन मिल सकता है।

## क्या जीत का सिलसिला दोहरा पाएंगे आयलानी?



भाजपा उम्मीदवार और वर्तमान विधायक कुमार आयलानी पहली बार 2004 में चुनाव लड़े थे और हार का सामना करना पड़ा। इन 20 वर्षों में वो 2009 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं। अब 2024 में पाचवीं बार वो चुनावी मैदान में है जहां भाजपा की टिकट पाकर उन्होंने अपनी स्थिति पहले से ही मजबूत कर ली थी वहीं भाजपा व शिवसेना में जो रस्सीकसी चल रही थी वो अब शांत है और महायुति के तहत दोनों गठबंधन का धर्म निभाकर एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति में आयलानी मजबूत स्थिति में है क्योंकि केंद्र व राज्य व महायुति की सरकार है। लाडकी बहन योजना का आयलानी पूरा फायदा उठाएंगे। आयलानी को महायुति की सहयोगी पार्टी शिवसेना, आरपीआई और साईं पक्ष के पूर्व नगरसेवक, नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी ताकत से जिताने का कारमय कर रेह हैं.

## पप्पू कालानी के भरोसे है ओमी की नाव?



उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में 1990 से विधानसभा सीट पर कब्जा जमा हुए पप्पू कालानी को 2009 में कुमार आयलानी के सामने हार का सामना करना पड़ा। यह कालानी की पहली हार थी। उसके बाद 2014 में ज्योति कालानी ने चुनाव जीतकर कालानी का राज फिरसे लाया जो 2019 में आयलानी ने वापस ले लिया। अब जबकि पप्पू कालानी जेल से बाहर है और चुनाव मैदान में अपने पुत्र ओमी कालानी को मैदान में उतारा हुआ है। ओमी की प्रचार कमान पप्पू कालानी ही संभाले हुए हैं ऐसे में ओमी अब पप्पू कालानी के भरोसे ही मैदान में है। क्या कालानी राज वापस शहर में आ पाएगा? क्योंकि उनकी दो बार हुई हार से यह जाहिर है कि जनता नाराज है। क्या जनता कालानी पर फिर भरोसा कर पाएगी? यह तो 23 नवंबर तो स्पष्ट हो जाएगा।

## गंगोत्री ने राष्ट्रीय खिलाड़ी को बैट देकर मनोबल बढ़ाया



■ उल्हासनगर-1, 2 व 3 के बाजारों से मिला समर्थन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) ने अंडर 17 के राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि सिंह जो उल्हासनगर निवासी हैं उन्हें अपना चुनाव चिन्ह बैट देकर उनका मनोबल बढ़ाया है और आशा की है कि भविष्य में जो उल्हासनगर शहर का नाम रोशन करेंगे। गंगोत्री ने कहा कि जिस तरह इस चुनाव में हम चौके छक्के लगाकर विरोधियों को पस्त कर रहे हैं वैसे ही देश के लिए क्रिकेट खेलने जा रहे रवि सिंह भी इसी बैट से चौके छक्के मारे यही हमारी कामना है।



बैट वाले अपने उम्मीदवार गंगोत्री द्वारा उल्हासनगर-1 बस स्टॉप से सीरू चौक तक बाजारों में प्रचार कर व्यापारियों से मिले यह प्रचार कैम्प 2 जापानी बाजार में भी देखा गया झवेरी बाजार से गजानंद मार्केट के व्यापारियों से मुलाकात की। उल्हासनगर-3 फर्निचर बाजार से शिवाजी चौक तक व्यापारियों से भी मिले। व्यापारियों से मिलकर उनकी प्रमुख समस्याओं को जाना जिसमें सड़कें, पार्किंग, ट्रैफिक, हाकर्स झोन और प्रशासन द्वारा दी जा रही परेशानी प्रमुख है। श्री गंगोत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वो 6 माह में ही व्यापारियों की समस्या को हल करेंगे। गंगोत्री ने व्यापारियों से बैट को वोट देकर उन्हें जीताने की अपील की है। व्यापारियों से गंगोत्री ने कहा कि सिंधी समाज से पहली बार उनको तीसरा मजबूत विकल्प मिला है जो विकास की ओर शहर को ले जाएगा।

## अंबरनाथ में वानखेडे की भव्य प्रचार रैली



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र के महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश वानखेडे की भव्य प्रचार रैली कल शाम 4.30 बजे अंबरनाथ पश्चिम लादी नाका रोड गायत्री मेडिकल से शुरु हुई। यह रैली गुडलक चौक, पंदारे बेकरी चौक, खुंटवली वरचा पाडा चौक, भवानी चौक, नवीन भेंडीपाडा, घाडगे नगर चौक, मातोश्री चौक, गावदेवी मंदिर, चिंमचपाडा चौक, कोजगांव चौक, वांद्रापाडा चौक, शिवाजी चौक, मोतीराम पार्क चौक, महालक्ष्मी नगर चौक, वडवली सेक्शन चौक तक निकाली गई। इस भव्य रैली में शिवसेना उद्धव ठाकरे से उम्मीदवार राजेश वानखेडे के समर्थन में कांग्रेस से रोहित सालवे, राकांपा शरद पवार गुट के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस रैली के बाद वानखेडे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान विधायक ने 15 वर्ष अंबरनाथ में विकास कार्य नहीं किए हैं जिस कारण अब परिवर्तन का समय आया है और उन्हें वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाए।

## अंबरनाथ केबी सड़क से 19, 20 और 23 नवंबर को वाहनों पर प्रवेश बंद

■ मटका चौक और फॉरेस्ट नाका पर प्रवेश बंद

⏭ यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मतदार संघ के चुनाव को देखते हुए 19, 20 और 23 नवंबर को चुनावी कामकाज को परेशानी ना हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने ट्रैफिक नियंत्रण अधिसूचना जारी की है. अंबरनाथ विधानसभा चुनाव स्ट्रांग रूम एवं 23 को मतगणना महात्मा गांधी विद्यालय में है. ये विद्यालय केबी रोड राष्ट्रीय महामार्ग 76 पर है. 19 की सुबह 6 बजे से 20 की रात 12 बजे तक एवं 23 नवंबर को मतगणना के दिन सुबह 6 से रात 11 बजे तक उल्हासनगर, बदलापुर के वाहनों को अंबरनाथ के मटका चौक से एवं बदलापुर से आनेवाले वाहनों के फारेस्ट नाटा के पास बंदी लगा दी गई है. बदलापुर से आने के लिए शहर पूर्व के टी पाइंट से होकर नेवाली नाका से कल्याण, उल्हासनगर शहरों को जाना होगा. उल्हासनगर, कल्याण से अंबरनाथ आनेवाले वाहनों को श्रीराम चौक, चक्कीनाका मार्ग से नेवाली मार्ग से अंबरनाथ, बदलापुर, कर्जत जाना होगा. 19 को महात्मा गाधी विद्यालय से मतपेटियों का वितरण होगा. 20 को मतपेटियों का संकलन होगा. इसलिए मटका चौक से एवं फारेस्ट नाका से आनेवाले वाहनों को प्रवेश बंद किया गया है. 23 को भी ये रास्ता बंद रहेगा. पुलिस वाहन, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, चुनावी वाहनों एवं अत्यावश्यक सेवा के लिए ये नियम लागू नहीं होंगे. 19, 20, 23 को शहर की सभी रिक्शा बताए गए समय पर डीएमसी सड़क से स्टेशन तक आया-जाया करेंगी.

## कुमार आयलानी ने किया महाशक्ति प्रदर्शन

■ विशाल रैली में मित्र पक्षों ने भी दिखाया जोश

■ चुनाव में जीत के दावे को किया मजबूत



**उल्हासनगर.** भाजपा महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी द्वारा एक महाविशाल रैली निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया गया और विरोधियों को यह दिखाया कि वह कभी किसी से कम नही हैं। वहीं रैली के दौरान रास्ते में नागरिकों द्वारा उनका सत्कार किया गया और कई घरों की छतों से पुष्पवर्षा की गई। भाजपा महायुति की इस रैली ने यह प्रदर्शित किया कि शहर में अभी भी वह नंबर वन पर बने हुए हैं।

सेंचुरी के पास स्थित शिव मंदिर के पास से इस रैली की शुरुआत हुई जहां पर भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी के साथ शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, जीवन ईदनानी, महेंद्र मूलचंदानी, जमनु पुरस्वानी समेत तमाम नेता खुली जीप में नागरिकों व व्यापारियों से समर्थन मांगते देखे गए। सेंचुरी रेयान, शीरू चौक, नेहरू चौक, फर्नीचर बाजार होते हुए 17 सेक्शन पर इस रैली का समापन किया गया।

व्यापारी अपनी दुकानों से निकलकर शाल व माल्यार्पण कर, वरिष्ठ नागरिक फूल वर्षा कर तथा शहर के तमाम पुरुष व महिलाएं रैली के साथ शामिल होकर कुमार आयलानी को आशीर्वाद देते हुए दिखे। बैंड बाजे व तेज नारों के बीच जिधर से भी काफिला गुजरा लोगों का अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला। रैली की भव्यता यह बता रही थी कि शहर में विकास व कुमार आयलानी की लोकप्रियता चरम पर है। वहीं पूर्व महापौर मीना आयलानी के नेतृत्व में हजारों महिलाएं भी इस रैली में शामिल हुईं। इस दौरान पूरी सड़क भगवामय दिखाई दी वहीं पुलिस द्वारा भी चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। शिवसेना, साईं पार्टी, आरपीआई, एनसीपी समेत सभी पार्टियों के लोग इस रैली में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

## जोनल अधिकारियों को चुनाव के संबंध में निर्देश



**उल्हासनगर.** 141 उल्हासनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत रविवार को दोपहर 3.00 बजे चुनाव निर्णायक एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, नवीन प्रशासनिक भवन, पवई चौक उल्हासनगर-3 में चुनाव निरीक्षक आरती एम. एवं निर्वाचन निर्णय अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी विजयानंद शर्मा ने 141 उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त जोनल अधिकारियों को चुनाव के संबंध में निर्देश दिए। चुनाव निरीक्षक आरती एम., और विजयानंद शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं कल्याणी कदम सहा. चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही शाम 4:00 बजे नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया, जिन्हें चुनाव सामग्री वितरित की गई।

## मैं अपने समुदाय के भाइयों अपील करता हूं कि सुलभाताई को भारी बहुमत से जिताएं -रवि किशन

■ कल्याण पूर्व में भाजपा सांसद रवि किशन का रोड शो



**कल्याण.** कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र की महायुति की उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ के प्रचार हेतु भाजपा के स्टार प्रचारक सांसद रवि किशन का रोड शो हुआ। यह प्रचार अभियान अवध रामलीला समिति से शुरू हुआ और म्हात्रे नाका, काटेमानिवली नाका, नाना पावशे चौक, जनता बैंक, काली माता मंदिर पर समाप्त हुआ। इस दौर के सांसद रवि किशन ने अपने भोजपुरी अंदाज में सभी उत्तर भारतीय समाज बंधुओं से सुलभा गायकवाड़ को भारी बहुमत से जिताने की अपील की. हम सरकार बना रहे हैं और 23 तारीख को महागठबंधन की सरकार शपथ लेगी. उनकी भोजपुरी भविष्यवाणी में किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए. इस प्रचार दौर में भारी भीड़ उमड़ी थी. मैं आप सभी से मिलने के लिए अपनी प्यारी बहन सुलभाताई के लिए 1700 किमी दूर से आया हूं। मैं अपने सभी उत्तर भारतीय भाइयों और अपने प्रशंसकों से अपील करता हूं कि मुझे यकीन है कि आप सभी मेरी सुलभाताई को भारी बहुमत से चुनेंगे।

## अंबरनाथ में 'नो वॉटर-नो वोट' का मसला हुआ हल

■ पानी मिलने लगा

■ 900 मतदाता अब करेंगे मतदान

■ चुनाव अधिकारी की पहल से मसला हुआ हल

⏭ उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम जावसाई फुले नगर, पटेल प्रायोशा एवं योगिनी निवास के रहिवासियों को पानी, लाईट और सड़क की परेशानी गत कई वर्षों से हो रही थी. आखिर उन्होंने सब मिलकर ये तय किया कि वह इस विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे. 'नो वॉटर-नो वोट' का उन्होंने नारा लगाकर पोस्टर भी लगा दिया था. सोसायटी के चेयरमैन सबास्टिन ए.टी. के नेतृत्व में उन्होंने चुनाव अधिकारी से भेंट करके उनकी परेशानी को बताया था. और कहा था कि उनके ये मसले हल नहीं किए गए तो यहां 470 फ्लैट के लगभग 900 मतदाता मतदान नहीं करेंगे. चुनाव अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मजीप्रा के अधिकारी देशपांडे को यहां के निवासियों को पानी सही ढंग से देने को कहा. देशपांडे ने सोसायटी को एक पत्र देकर बताया है कि उनके परिसर में 20 मिनट पानी का समय बढ़ा दिया गया है. पहले 48 घंटे में 60 मिनट पानी आपूर्ति की जाती थी. अब 80 मिनट जलापूर्ति की जा रही है. सोसायटी निवासियों ने दो दिन तक देखा कि उनको अब 80 मिनट पानी मिल रहा है. ये देखकर सोसायटी ने रविवार को एक बैठक का आयोजन करके सभी से राय लेकर ये निर्णय लिया है कि यहां से सभी 900 मतदाता विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे. लेकिन मतदान के बाद फिर से सड़क और लाइट सुविधा के लिए आंदोलन शुरू किया जाएगा. चुनाव अधिकारी के आगे आने से ये मसला हल हुआ है. सेबास्टिन ने मजीप्रा के अधिकारी एवं चुनाव अधिकारी का आभार व्यक्त किया है. विदित हो कि 'नो वॉटर-नो वोट' की खबर हमने भी प्रकाशित की थी.

## आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों में वृद्धि

■ सी-विजिल एप पर एक माह के भीतर 1201 शिकायतें

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू कर दी गई है. हालांकि, पिछले कुछ दिनों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों में बढ़ोतरी होती दिख रही है. सी-विजिल ऐप पर एक माह में 1 हजार 201 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिला निर्वाचन विभाग ने बताया कि 100 मिनट के अंदर 1 हजार 38 शिकायतों का निपटारा किया गया.

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही 15 अक्टूबर से आचार संहिता लागू हो गई है. इस दौरान आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग तत्पर है. ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होगा. इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में महायुति और महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवारों का प्रचार अभियान तेज हो गया है. उम्मीदवारों के जुलूस, प्रचार दौर, बैठकें और सभा जैसे कार्यक्रम निर्धारित हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप से सियासी माहौल




गरमाता नजर आ रहा है. अगर ऐसा लगे कि कोई पार्टी या प्रत्याशी इन जुलूसों, बैठकों और सभाओं के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है तो इसकी शिकायत सी-विजिल ऐप पर की जा सकती है. यदि अभियान में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो नागरिक इस ऐप पर मामले के बारे में संदेश, फोटो, वीडियो साझा कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों में बढ़ोतरी होती दिख रही है. 15 अक्टूबर यानी आचार संहिता लागू होने से लेकर 14 नवंबर तक एक महीने की अवधि में ठाणे जिले में इस ऐप पर 1 हजार 201 शिकायतें प्राप्त हुई हैं. प्राप्त 1 हजार 201 शिकायतों में से 1 हजार 109 शिकायतें इसी के साथ पाई गई हैं। इनमें से 1 हजार 38 शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के अंदर कर दिया गया है. जिला निर्वाचन विभाग ने बताया कि 92 शिकायतों को बाहर कर दिया गया है।

## ट्रेन से गिरकर पुलिस अधिकारी की मौत

**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन पर काम पर जाते समय ट्रेन से गिरकर एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। मृतक दत्ताराय लोखंडे कल्याण पूर्व में हाजीमलंग पर विघ्नाहर्ता अपार्टमेंट में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। मूल रूप से परभणी जिले के मनवथ गांव के रहने वाले, वे मुंबई के घाटकोपर में रेलवे पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। शुक्रवार की सुबह, लोखंडे घाटकोपर मुख्यालय में ड्यूटी पर रिपोर्ट करने जा रहे थे। वे लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर पहुंचे थे, तभी लगभग 10.50 बजे वे एक अज्ञात ट्रेन से गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## 'लापरवाह' सिस्टम ने लील ली जिंदगी

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भीषण आग ने 10 नवजातों को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। गनीमत यह रही कि वॉर्ड की खिड़की तोड़कर 39 नवजातों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी अस्पताल के वॉर्ड में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। शायद ही ऐसा कोई राज्य होगा, जहां ऐसे हादसे न हुए होंगे। विडंबना यह है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन जागता है और कुछ दिनों में शांत हो जाता है। फिर एक नई घटना होने पर हाय तौबा मच जाती है। झांसी की घटना में अब तक जो लापरवाही सामने आ रही है, वो बेहद गंभीर है। जब आग वॉर्ड में फैल रही थी, तब वॉर्ड ब्वॉय ने अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) चलाया, लेकिन वो काम नहीं कर रहा था, क्योंकि उसे एक्सपायर हुए चार साल बीत चुके थे। भारत सरकार की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर अगर ध्यान दें तो उसमें स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। एसओपी के अनुसार अग्निशमन यंत्र का मासिक आधार पर निरीक्षण किया जाना चाहिए। सालाना निरीक्षण किसी पेशेवर द्वारा कराया जाना चाहिए। अग्निशमन यंत्रों के चयन, स्थापना, रख-रखाव के लिए भारतीय मानक 2190 का पालन करना आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक अग्निशमन यंत्र को आग के प्रकार के आधार पर चिन्हित किया जाता है। ऐसे और भी दिशा-निर्देश एसओपी में दिए गए हैं। स्पष्ट है कि भारत सरकार के बने दिशा-निर्देशों का पालन झांसी के अस्पताल में नहीं हो रहा था। यदि केंद्र सरकार देशभर में अस्पतालों में फायर ऑडिट कराए तो उत्तर प्रदेश ही नहीं, अन्य राज्यों के अस्पतालों में भी पोल खुल जाएगी। भले वो सरकारी हों या निजी अस्पताल। अग्निशमन यंत्रों के साथ बिजली उपकरणों का ऑडिट भी आवश्यक है, क्योंकि आग लगने की घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण शॉर्ट सर्किट ही निकाल कर आता है। झांसी के केस में भी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग हुई और फिर धमाके से आग फैली। घटना के चंद घंटों में झांसी पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और मजिस्ट्रेट से जांच की बात कही है। पाठक कह रहे हैं कि अगर कोई चूक पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी। अब यह देखना होगा कि अग्निशमन यंत्रों के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार असली व्यक्ति पर सरकार की कार्रवाई कब तक होती है?

# कितना खतरनाक है हिमालय पर लाखों वाहनों का चढ़ना?

हिमालय के चार धामों में से केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री समेत तीन धामों की इस साल की यात्रा का समापन हो गया और अब शेष बदरीनाथ के कपाट आगामी 17 नवंबर को बंद होने हैं। तीन धामों के यात्रावसान तक देशभर के 46,34,448 श्रद्धालु यात्रा कर लौट चुके थे। बहुत ही संवेदनशील हिमालय के पर्यावरण पर यात्रियों की इस बाढ़ का असर तो पड़ ही रहा है, लेकिन उससे अधिक गंभीर विषय हिमालय पर और खास कर गंगा के गंगोत्री और सतोपन्थ जैसे तेजी से पीछे खिसक रहे ग्लेशियरों पर वाहनों की अत्यधिक भीड़ का है।

यह भीड़ सीधे वैश्विक और स्थानीय तापमान को बढ़ा रही है जिसका दुष्परिणाम जलवायु परिवर्तन और चरम मौसम के कारण उत्पन्न दैवी आपदाओं के रूप में रूप में सामने नजर आ रहे हैं। चूंकि हिमालय एशिया का जलस्तंभ होने के साथ ही मौसम का नियंत्रक भी है और यह एशिया के पांच देशों से जुड़ा हुआ है। इसलिये हिमालय की चिन्ता केवल उत्तराखण्ड तक ही सीमित नहीं है। इसलिये हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में यात्री वाहनों की संख्या बढ़ाने के बजाय उस पर सख्त नियमन की आवश्यकता है।

### 5 लाख से अधिक वाहन चढ़ गये हिमालय पर

उत्तराखण्ड हिमालय की तीन धामों की सालाना यात्रा समाप्ति के दिन तक चारों धामों में से दो तक सीधे और दो धामों के बहुत निकट तक 5,21,915 वाहन यात्रियों को लेकर पहुंच चुके थे। इनमें से भी



सीधे बदरीनाथ और गंगोत्री पहुंचने वाले वाहनों से उत्सर्जित प्रदूषकों का सीधा असर सतोपन्थ और गंगोत्री ग्लेशियर समूहों पर पड़ना स्वाभाविक ही है। केदारनाथ पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या तो हर साल कीर्तिमान बना ही रही थी, लेकिन इस बार केदार घाटी पहुंचने वाले यात्री वाहनों ने भी रिकार्ड तोड़ दिया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले वाहनों की संख्या 1,87,590 तक पहुंच गयी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या केवल 88,236 थी। इसरो की रिपोर्ट के अनुसार, यह घाटी भूस्खलन की दृष्टि से देश में सर्वाधिक संवेदनशील है और मुख्य केंद्रीय भ्रंश के निकट होने के कारण यह भूकम्प के मुहाने पर भी बैठी है। इसलिये इस क्षेत्र में क्षमता से अधिक मानव दबाव को बहुत जोखिमपूर्ण माना गया है।

सन् 1968 में जब पहली बार बद्रीनाथ बस पहुंची थी तो वहां तब तक लगभग 60 हजार यात्री पहुंचते थे। लेकिन यह संख्या अब 13 लाख सालाना पार कर गयी है। इन यात्रियों के साथ मात्र 6 माह में लगभग 1.50 लाख वाहन बद्रीनाथ पहुंच रहे हैं। गंगोत्री में इस बार 8,15,273 यात्री और 88,236 वाहन 3 नवम्बर तक पहुंच चुके थे। पहले ज्यादातर यात्री बसों में सफर करते थे और औसतन एक बस 30 यात्रियों को ढो लेती थी। लेकिन अब अधिकतम 5 लोग एक कार लेकर यात्रा कर रहे हैं जिस कारण वाहनों का भारी दबाव हिमालय पर बढ़ता जा रहा है। जिसका विपरीत असर हिमालय के पारितंत्र पर पड़ने के साथ ही अतिवृष्टि, बादल फटने, त्वरित बाढ़ और आसमानी बिजली गिरने जैसी आपदाओं की संख्या बढ़ने के साथ ही उनकी आवृत्ति भी बढ़ रही है।

विशेषज्ञों की मानें तो मैदानी क्षेत्र की तुलना में पहाड़ों पर वाहनों का प्रदूषण चार गुना अधिक होता है। मैदानों में सामान्यतः वाहन तीसरे और चौथे गेयर में औसतन 60 किमी की गति से चलते हैं। जबकि पहाड़ों की चढ़ाइयों पर वाहन पहले और दूसरे गेयर में औसतन 20 किमी की गति से चलते हैं। वाहन पहाड़ों पर कितनी चढ़ाई चढ़ते हैं इसका अंदाजा इस बात से लग जाता है कि चारधाम यात्रा समुद्रतल से 300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऋषिकेश से शुरू होकर समुद्र तल से 3042 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गंगोत्री और 3133 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बद्रीनाथ पहुंचते हैं। वाहनों की अत्यधिक भीड़ का सीधा असर गंगोत्री और सतोपन्थ ग्लेशियरों पर पड़ रहा है। इस तरह हिमालय पर वाहनों की भीड़ से लोकल और ग्लोबल वार्मिंग का तेज होना स्वाभाविक ही है।





जब हम ध्यानाभ्यास करते हैं, तो हम अधिक व्यावहारिक निर्णय लेने के काबिल बन जाते हैं क्योंकि हम जीवन को एक उच्चतर दृष्टिकोण से देखने लगते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ऐसी धमकियों को कैसे रोका जाए?

अक्सर विमान, स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग मॉल, मंदिर जैसी संस्थाओं पर बम रखने की धमकी आती है। इन धमकियों के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित होते हैं। एयरपोर्ट से लेकर स्कूल, कॉलेज और मंदिरों में दहशत फैल जाती है। पूरा सरकारी अमला इसकी तस्दीक में जुट जाता है और अंत में पता चलता है कि कुछ लोगों ने केवल मजे के लिए यह धमकी थी। कई बार तो किसी बच्चे ने यह संदेश भेजा था। इन सभी का माध्यम सोशल मीडिया ही होता है।



### एक धमकी सैकड़ों नुकसान

अगर किसी फ्लाइट को उड़ाने की धमकी मिलती है तो उसकी जांच की प्रक्रिया में काफी रुपये का नुकसान होता है। फ्लाइट खाली कराई जाती है। गहन चेकिंग होती है तो यात्रियों को दिक्कत होना भी लाजिमी है। ऐसे में एयरलाइन्स यात्रियों की सुविधा के लिए तमाम व्यवस्थाएं करती है। उड़ान ज्यादा लेट होने पर रिफंड भी करना पड़ता है। यात्रियों को बाहर रुकना पड़ता है। दूसरी उड़ानें भी प्रभावित होती हैं।

### विकृत मानसिकता के लोगों का काम

विकृत मानसिकता के कुछ लोग भी इस काम में लगे रहते हैं। अपनी विकृति की संतुष्टि के कारण वे इस तरह के काम को अंजाम देते हैं। इस दिशा में कार्रवाई हुई तो कुछ ऐसे लोग पकड़े गए हैं, जो यह नहीं जानते थे कि वे क्या कर रहे हैं। कहीं कोई नाबालिग पकड़ा गया तो कहीं कोई नाराज प्रेमी। इससे यह बात भी सिद्ध होती है कि आजकल बच्चों और युवाओं में धैर्य नाम की कोई चीज नहीं बची है। वे आगे-पीछे कुछ भी सोचे बिना इस तरह के काम करते हैं। कई बार तो उन्हें इसका भी भान नहीं होता कि उनका किसी ने इस्तेमाल कर लिया। अनजाने में वे इस तरह का काम कर बैठते हैं।

### सरकार का कर्तव्य

ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे लोगों को पकड़कर उन्हें ऐसी सजा दे कि वह दूसरों के लिए सबक बन सके। हाल के दिनों में एयरलाइन कंपनियों को लगातार धमकियां मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश जारी किए हैं और सभी कर्मचारियों से इसका पालन करने को कहा है।

वहीं सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत सख्ती के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर गलत सूचना को तुरंत रोकने के लिए कहा गया है। वैसे यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि क्या इस तरह की घटना किसी संगठन की धमकी है या किसी की शरारत। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह भारतीय विमानन कंपनियों को घाटे में पहुंचाने की साजिश हो। इस दिशा में भी गहनता से जांच होनी चाहिए।


# महिला ने चुराया 6 करोड़ रुपये का सामान, 235 साल की जेल!

डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर-पूर्वी थाइलैंड के खॉन काइन इलाके में एक गहने की दुकान थी, जिसमें सॉमजित

**जरा हट के**

खुमदुआंग नाम की एक महिला काम किया करती थी. उसके ऊपर दुकान के मालिक को शक होने लगा कि वो दुकान से गहने चुराती है. जब उसने अपनी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में जांच की तो उसे पता चला कि 2021 में महिला ने 1-2 नहीं, कुल 47 बार गहनों की चोरी की है.

बैंकॉक पोस्ट वेबसाइट के मुताबिक मालिक को 2 महीनों पहले ही महिला पर शक हुआ कि वो गहने चुराती है, जब उसके कपड़े से एक सोने का नेकलेस गिरा. महिला ने अपनी सफाई में कहा कि वो उसकी जेब में गलती से तब चला गया होगा, जब वो दुकान के डिस्प्ले काउंटर के पास खड़ी थी. दुकान के मालिक ने दावा किया कि महिला ने 5 लाख पाउंड (6 करोड़ रुपयों से



ज्यादा) की चोरी की है.

### महिला को हो गई 235 साल की जेल!

पुलिस ने दावा किया कि महिला ने चोरी किए हुए सामानों से जमीन खरीदी, कई अन्य कीमती सामान खरीदे और एक फेसबुक पोस्ट में नई बाइक और गहनों की फोटो को शेयर किया. हैरानी की बात ये है कि महिला उस दुकान में 10 सालों से काम कर रही थी, इस वजह से मालिक ने कई भार उससे कहा कि उसने जो कुछ भी चुराया है, वो खुद ही लौटा दे, तो वो कानूनी कदम नहीं उठाएगा.


महिला ने सिर्फ 1 करोड़ रुपये तक की चीजों को लौटाया था. उसके बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया. सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि कोर्ट ने महिला को 1-2 नहीं, 235 साल की कैद की सजा दी है. शायद कोर्ट महिला को अगले जन्मों में भी आजाद नहीं रहने देना चाहती थी!

# क्या खड़े होकर पानी पीने से खराब हो जाते हैं घुटने?

- **डॉक्टर से जानिए इस दावे में कितनी सच्चाई**

शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ नियमित रूप से कम से कम तीन-चार लीटर पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है। सभी उम्र वालों के लिए ये जरूरी है। जितना जरूरी नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना है उतना ही जरूरी है सही तरीके से पानी पीना।

डॉक्टर कहते हैं, पानी हमेशा आराम की मुद्रा में बैठकर और धीरे-धीरे पानी चाहिए। पानी पीने के तरीके को लेकर सोशल मीडिया एक पोस्ट वायरल है जिसमें कहा जा रहा है अगर आप खड़े होकर



पानी पीते हैं तो इसके कारण शरीर को कई नुकसान हो सकते हैं।

वायरल पोस्ट में कहा जा रहा है कि अगर आप खड़े होकर पानी पीते हैं तो इससे घुटनों पर असर हो सकता है। इस आदत के कारण आर्थराइटिस होने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। क्या वास्तव में ऐसा है? क्या खड़े होकर पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक है? आइए इस बारे में जानते हैं।

सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान पहुंचता है। पानी सीधे घुटनों पर जमा होने लगता है जिससे आगे चलकर आर्थराइटिस होने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे हृदय और फेफड़ों की समस्याएं भी हो सकती हैं। ये आदत किडनी को नुकसान पहुंचती है क्योंकि पानी बिना किसी फिल्टरेशन के शरीर से बाहर निकल जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ आर्थोपेडिक डॉ राजेश चट्टे कहते हैं, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि खड़े होकर पानी पीने से घुटनों को कोई नुकसान पहुंचता है। जोड़ों को नुकसान तब होता है जब जोड़ के हिस्से जैसे कार्टिलेज, लिगामेंट या हड्डी घिसने लगते हैं या इनमें किसी वजह से चोट लग जाती है। जोड़ों की समस्याओं का सबसे आम कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस है, जो हड्डियों को सहारा देने वाले सुरक्षात्मक कार्टिलेज के घिसने की वजह से होता है। ये एक कुशन की तरह काम करता है जो हड्डियों को एक दूसरे से टकराने से बचाता है।

### फिर कैसे फैली ये मिथ जानकारी?

डॉक्टर कहते हैं, खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान होने की बात संभवतः पारंपरिक या सांस्कृतिक प्रथाओं से उत्पन्न हुई होगी। संभवतः इस डर के माध्यम से लोगों को उचित मुद्रा में बैठने, धीरे-धीरे पानी पीने और पाचन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया होगा।

आमतौर पर बैठकर पानी पीना स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। यह पाचन और समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने में भी सहायक है। हालांकि ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान होता है।

# सीताफल कुनाफा पुडिंग

**खाना-खजाना**

**इस मौसम में सीताफल खूब मिल रहा है। ज्यादातर लोग इसे खाना पसंद करते हैं। हालांकि, कुछ लोगों को ये फल तो पसंद होता हैं, लेकिन इसे खाने का तरीका अच्छा नहीं लगता। ऐसे में आप उनके लिए इससे बनी पुडिंग तैयार कर सकते हैं। ये पुडिंग मेहमानों को भी सर्व की जा सकती हैं। आइए, जाते हैं इसे बनाने का तरीका।**

**सामग्री :**

फुल क्रीम दूध
1 चम्मच मक्खन
2 बड़े चम्मच कस्टर्ड पाउडर
1 कप सेवई
2 बड़े चम्मच पिस्ते
1 छोटा कप कंडेंस मिल्क
1 बड़ा कप सिताफल का गूदा

**विधि :**

इसे बनाने के लिए एक बाउल में कस्टर्ड पाउडर और थोड़ा दूध डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसके अलावा एक ब्लेंडर में कस्टर्ड एप्पल पल्प डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। फिर पैन में 1 बड़ा चम्मच मक्खन गर्म करें और इसमें सेवइयां डालकर भून लें। इससे भनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ये 2 से 3 मिनट के अंदर भुन जाएगा। फिर इसमें 2 बड़े चम्मच पिस्ता, कंडेंस्ड मिल्क



डालें। इसे 3-4 मिनट तक पकाएं और फिर आंच से उतारकर एक तरफ रखें। अब एक भारी कड़ाही लें और उसमें आधा लीटर दूध डालें और उबाल लें। इस दूध में थोड़ा कंडेंस्ड मिल्क डालें और 4-5 मिनट तक पकने दें। अब तैयार किए कस्टर्ड दूध को इसमें डालें और 5-6 मिनट तक पकाएं। इसे आंच से उतारकर 10-15 मिनट तक ठंडा करें। फिर एक बाउल में तैयार कस्टर्ड मिक्स, ब्लेंड किया हुआ सीताफल पल्प डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इसे 3 - 4 घंटे के लिए फ्रिज में रखें। अब एक कांच की कटोरी लें और इसमें एक लेयर भुनी हुई सेवइयां की लगाएं। इसके ऊपर तैयार की हुई सीताफल पुडिंग डालें। अब फिर से कुछ भुनी हुई सेवइयां डालें और पिस्ते से गार्निश करें और सर्व करें।

# उबालते समय फूट जाते हैं अंडे?

- **पानी में डाल दें 1 चम्मच ये लिक्विड**
- **छिलके क्रैक होंगे तो भी पानी नहीं होगा गंदा**



कहते हैं संडे हो या मंडे रोज खाओ अंडे. जी हां, ये बात सभी भी है, क्योंकि अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है. यह मांसपेशियों, आंखों आदि को हेल्दी रखता है. मसल्स को स्ट्रॉन्ग बनाता है. हालांकि, कुछ लोगों को लगता है कि अंडा नॉनवेज फूड है, लेकिन ऐसा नहीं है. कुछ लोग नाश्ते में ऑमलेट खाते हैं तो किसी को उबले हुए अंडे खाना अच्छा लगता है. कई बार ऐसा होता है कि जैसे ही अंडे को उबालने के लिए पानी में डालकर गैस पर रखते हैं तो कुछ अंडे टूट जाते हैं. फिर अंडे का अंदर का सारा पीला और सफेद हिस्सा बाहर आने लगता है. इससे पानी भी गंदा हो जाता है. आपके साथ भी ऐसा होता है? अंडे उबालने जाते हैं तो छिलके क्रैक हो जाते हैं और अंदर का माल पानी में आधा बह जाता है. फिर खाने के लिए कुछ सही से बचता ही नहीं. चलिए अब जब भी आप अंडे उबालें तो पानी में ये एक चीज जरूर डाल दें.

### अंडे उबालने का सही तरीका

जब भी आप एक साथ 7-8 अंडे उबालते हैं तो ये कई बार स्पेस कम होने के कारण आपस में टकरा कर भी हल्के क्रैक हो जाते हैं. कई बार खराब या पुराने अंडे भी जल्दी टूट जाते हैं. इनका स्वाद भी खाने में सही नहीं लगता है. शेफ पंकज भदौरिया का कहना है कि आप जब भी अंडे उबालें तो पानी में एक बड़ा चम्मच सफेद सिरका डाल दें. अंडे उबलेंगे लेकिन छिलकों में कोई दरार नहीं आएगी. इससे अंडे सही से उबल जाएंगे. आप इन उबले अंडों को खाएं या फिर अंडा करी बनाएं. परफेक्ट शेफ रहेगा.

# बच्चों के शारीरिक विकास में रुकावट बन सकता है ज्यादा मोबाइल देखना

- **हड्डियों पर पड़ता है गहरा असर**
- **स्मार्टफोन की ब्लू लाइट शारीरिक विकास में बाधा बन सकती है।**

बच्चे न रोएं इसके लिए लोग आजकल उनके हाथ में मोबाइल थमा देते हैं, लेकिन इसका कितना गलत प्रभाव उनपर पड़ सकता है वह यह सोच भी नहीं सकते। आजकल स्मार्टफोन बच्चों के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। बचपन से ही उन्हें फोन की आदत लग जाती है, जिसे बाद में छुड़ाना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसके कारण उनकी सेहत पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। आमतौर हम मानते हैं कि इससे सिर्फ आंखों पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन इतना ही नहीं है। इसका असर बच्चों के शारीरिक विकास पर भी पड़ सकता है। जी हां, हाल ही में एक शोध में यह बात सामने आई है।



चूहों पर किए गए एक शोध में पता चला है कि लंबे समय तक स्मार्टफोन या टैबलेट से निकलने वाली ब्लू लाइट के संपर्क में रहने से हड्डियों की वृद्धि तेज हो जाती है और हड्डियों की उम्र बढ़ जाती है, जिससे समय से पहले यौवन आने की संभावना बढ़ जाती है। तुर्किये में गाजी यूनिवर्सिटी के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. आयलिन क्लान्क ने कहा कि यह दिखाने वाला पहला अध्ययन है कि मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट शारीरिक वृद्धि और विकास को कैसे प्रभावित कर सकती है। डाटा बताता है कि ब्लू लाइट के लंबे समय तक संपर्क में रहने से शारीरिक विकास तेज हो जाती है।

जब बच्चे बड़े होते हैं तो उनमें फीमर जैसी लंबी हड्डियां विकसित होती हैं, जो धीरे-धीरे दोनों छोर पर लंबी होती जाती हैं। यह अंत में ठोस हो जाती है और लंबाई में वृद्धि को रोक देती है। लड़कियां जहां 14 से 16 वर्ष की आयु के बीच अपनी अधिकतम ऊंचाई तक पहुंचती हैं, वहीं लड़के 16 से 18 वर्ष की आयु के बीच अपनी वृद्धि पूरी कर लेते हैं। हालांकि, हाल के अध्ययनों ने लड़कियों और लड़कों दोनों में समय से पहले यौवन में वृद्धि की ओर इशारा किया गया है। अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चे शुरू में तो जल्दी बढ़ते हैं, लेकिन अक्सर सामान्य समय से पहले ही बढ़ना बंद कर देते हैं। उगुरलू ने कहा कि इसका एक कारण ब्लू लाइट उत्सर्जित करने वाले उपकरणों का बढ़ता उपयोग हो सकता है। इसका मतलब है कि उनकी हड्डियां बहुत जल्दी परिपक्व हो गईं, जिसके कारण वह अपनी सामान्य लंबाई से छोटे हो सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृषभ** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मिथुन** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। नकारात्मकता हावी रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** : कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रुभय रहेगा।

**सिंह** : आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**कन्या** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें।

**तुला** : प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें।

**धनु** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें।

**मकर** : कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ** : दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यश बढ़ेगा। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी।

**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी। चिंता रह सकती है। थकान रहेगी। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### महिलाओं की चीख में मजा लेने वाले सीरियल हमलावर अब गिरफ्त में

**गोरखपुर.** गोरखपुर में महिलाओं की चीख में मजा लेने वाले एक सिरफिरे सीरियल हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह सीरियल हमलावर अब तक पांच महिलाओं पर हमला कर चुका था। इनमें से एक की मौत भी हो चुकी है। एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। हर महिला को उसने घर में घुसकर मारा। पूछताछ में इस हमलावर ने पुलिस को हर वारदात के बारे में तफ्सील से बताया है। उसकी बातों से ऐसा जाहिर हो रहा है कि उसे महिलाओं की चीख सुनकर मजा आता था। इसी मजे के लिए वह हमेशा अपने शिकार की तलाश में रहता था। मौका मिलते ही वह किसी महिला पर घातक वार कर फरार हो जाता था। सिरफिरे का नाम अजय निषाद है। वह झंगहा क्षेत्र के ही राजधानी गांव के मंगलपुर टोले का रहने वाला है। इसके पहले दुष्कर्म के केस में वह जेल भी जा चुका है। उसके पास से पुलिस ने घटनाओं में इस्तेमाल लोहे का रॉड, चारपाई का पाया, बांस-लकड़ी के डंडे सहित कुल पांच हथियार बरामद किए हैं।

### बेटे को बचाने के लिए बाप ने उठाया खौफनाक कदम, 11 साल के बच्चे को मौत के घाट उतारा

**हरदोई.** हरदोई से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने अपने बेटे को बचाने के लिए दूसरे बच्चे की हत्या कर दी। फिर खेत में शव छिपाकर फरार हो गया। इस मामले पुलिस ने शनिवार शाम खुलासा करते हुए पिता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस के सामने गला दबाकर हत्या की बात कबूली है। ये घटना शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गन्ने का है। एसपी नीरज जादौन ने बताया कि लालपुर गांव निवासी नेतराम ने शाहाबाद कोतवाली में तहरीर दी थी। बताया था कि उनका 11 वर्षीय बेटा आयुष 18 अक्टूबर 2024 को गांव के बाहर अंबेडकर पार्क में खेल कर घर आ रहा था। तभी वह लापता हो गया था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। 23 अक्टूबर को पुलिस ने आयुष का शव लालपुर गांव के पास खेत से बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। जांच के दौरान भूमिका संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गांव के ही छोटेलाल को हिरासत में लिया।

### मां ने तोड़ी ममता की डोर, पैसों के लालच में 15 दिन के बच्चे का कर डाला सौदा, 6 गिरफ्तार

**जौनपुर.** जौनपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पैसों के लालच में एक मां ने अपने 15 दिन के बच्चे का तीन लाख में सौदा कर दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला को बेटे के बदले तय रकम से कम रुपये मिले। जानकारी होने पर पुलिस एक्टिव हो गई और छह लोगों को गिरफ्तार कर नवजात को बरामद कर लिया। वहीं, ये मामला क्षेत्र में सुर्खियों में बना हुआ है। ये घटना जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र का है। शांति देवी निाम की एक महिला ने 24 अक्टूबर को बेटे को जन्म दिया। 230 अक्टूबर को बिचौलियों की मदद से महिला ने अपने नवजात बेटे का तीन लाख रुपये में पश्चिम बंगाल की रहने वाली पूनम गुप्ता से सौदा कर दिया।

# मणिपुर में बड़े ऐक्शन की तैयारी ?

- **अमित शाह ने रद्द कीं महाराष्ट्र की रैलियां**
- **अचानक दिल्ली लौटे**



**नई दिल्ली.** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अचानक महाराष्ट्री की अपनी चारों रैलियां रद्द कर दीं। वह चुनाव प्रचार के लिए नागपुर पहुंच गए थे। अचानक गृह मंत्री ने यह बड़ा फैसला लिया और दिल्ली लौट गए। बताया जा रहा है कि मणिपुर के बिगड़े माहौल को लेकर गृह मंत्री ने यह फैसला लिया है। सरकार मणिपुर में शांति बहाली के लिए कोई बड़ा कदम उठा सकती है।

गृह मंत्री अमित शाह आज विदर्भ में चार रैलियां करने वाले थे। अमित शाह गढ़चिरौली, वर्धा,कटोल और सावनेर में सभाएं करने वाले थे। वह नागपुर के रेडिसन ब्लू होटल में रुके थे। सुबह 11 बजे के करीब वह गढ़चिरौली के लिए रवाना होने वाले थे तभी पता चला कि उन्होंने अपनी सभी रैलियां रद्द कर दी हैं और दिल्ली लौट रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर हिंसा को लेकर ही उन्होंने यह फैसला लिया है। अब उनकी जगह शिवराज सिंह चौहान और स्मृति ईरानी रैली करेंगी। दो सभाओं में स्मृति ईरानी मौजूद रहेंगी और बाकी दो में शिवराज सिंह चौहान पहुंचेंगे।

#### मणिपुर में क्या हैं हालात

मणिपुर में लापता छह लोगों में से तीन के शव नदी से निकाले जाने के एक दिन बाद प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को राज्य के तीन मंत्रियों और छह विधायकों के आवासों पर हमला किया, जिसके बाद सरकार ने पांच जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया और राज्य के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं।

#### मुख्यमंत्री के पैतृक घर पर भी हमला

प्रदर्शनकारियों ने मंत्रियों और विधायकों के अलावा मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के पैतृक आवास में भी आग लगा दी। वहीं कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं मणिपुर सरकार ने राज्य के छह थानाक्षेत्रों में आने वाले इलाकों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्स्पा) की समीक्षा कर उसे हटाने का अनुरोध किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# डबल इंजन की सरकार में मणिपुर 'न एक है, न सेफ है'

- **खरगे का PM मोदी पर तीखा तंज**



**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकर्जुन खरगे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनकी 'डबल इंजन सरकार' में मणिपुर न तो एक है और न ही सेफ है। खरगे का यह बयान मणिपुर में ताजा हिंसा के बाद आया। आपको बता दें कि शुक्रवार और शनिवार को जीरिबाम में राहत शिविर से लापता छह लोगों के शव बरामद हुए थे। खरगे ने एक्स पर लिखा, .नरेंद्र मोदी जी, आपकी डबल इंजन सरकारों में 'ना मणिपुर एक है, ना मणिपुर सेफ है'। मई 2023 से यह राज्य असहनीय दर्द, विभाजन और बढ़ती हिंसा का सामना कर रहा है। यहां के लोगों के भविष्य को नष्ट कर दिया है।

कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा पर मणिपुर की अशांति का राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में हिंसा और क्षेत्रीय तनाव बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलाना चाहती है। यह उनकी नफरत और विभाजन की राजनीति को साकार करता है। 7 नवंबर से अब तक 17 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# राहुल गांधी के बाद शरद पवार के बैग की चेकिंग

- **EC ने हेलिकॉप्टर की भी जांच की**
- **8 दिन में शाह समेत 11 बड़े नेताओं की जांच हुई**

**बारामती.** महाराष्ट्र में वोटिंग से 3 दिन पहले नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (SCP) के चीफ शरद पवार के हेलिकॉप्टर और बैग की चेकिंग की गई है। शरद बारामती से सोलापुर में प्रचार के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हेलिपैड पर चुनाव आयोग के अधिकारी पहुंचे। इसका वीडियो भी जारी किया गया है।

वीडियो में अधिकारी हेलिकॉप्टर से शरद पवार का बैग बाहर निकालते और उसमें रखे सामान की जांच करते नजर आ रहे हैं। चेकिंग के दौरान शरद पवार भी हेलिकॉप्टर के बाहर ही खड़े नजर आए। चेकिंग के बाद वे सोलापुर में रैली के लिए निकल गए।

चुनाव आयोग ने पिछले कुछ दिनों में 11 बड़े नेताओं की बैग की चेकिंग की है। शरद पवार के चेकिंग से एक दिन पहले अमरावती में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भी बैग की चेकिंग की गई थी। उससे एक दिन पहले यानी शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हिंगोली में रैली से पहले बैग की चेकिंग की गई थी।

# राहुल गांधी ने बालासाहेब ठाकरे को दी श्रद्धांजलि

- **बोले- संवेदनाएं उद्धव ठाकरे और आदित्य के साथ**



**नई दिल्ली.** शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की आज 12वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बाल ठाकरे की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। शिवसेना के संस्थापक का लंबी बीमारी के बाद 17 नवंबर 2012 को मुंबई स्थित उनके आवास 'मातोश्री' में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और शिवसेना (UBT) के नेता आदित्य ठाकरे ने बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा, 'बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्य तिथि पर स्मरण। मेरी संवेदनाएं उद्धव ठाकरे, आदित्य और पूरे शिवसेना परिवार के साथ हैं।' दिवंगत बाल ठाकरे को लेकर राहुल की ओर से कही गईं ये दो पक्तियां काफी अहम हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को चुनौती दी थी।


पीएम मोदी ने राहुल का नाम लिए बिना कहा था, 'मैं अघाड़ी के साथियों को चुनौती देता हूं। अगर उनमें दम हो तो युवराज के मुंह से बालाबाहेब ठाकरे की जरा तारीफ करवाके सुना दें। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसके पास न तो नीति है और न ही नीयत।'

#### प्रियंका गांधी का पलटवार...

महाराष्ट्र के हिंगोली में रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'उद्धव जी, अगर आपमें हिम्मत है तो राहुल बाबा से बालासाहेब के बारे में दो अच्छे शब्द बोलने के लिए कहकर दिखाएं।' इस पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा था, 'मोदी हमेशा शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का नाम लेते हैं। हां, हमारी विचारधाराएं अलग हैं। हां, हमारी राजनीतिक सोच अलग है... लेकिन न तो बालासाहेब ठाकरे शिवाजी महाराज का अपमान बर्दाशत करते और न ही कांग्रेस का कोई नेता व राहुल गांधी इसे बर्दाशत करेंगे।'

# स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग

- **1500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज**
- **आवाज से 5 गुना तेज रफ्तार; इसे रोक पाना असंभव**



**नई दिल्ली.** डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) ने शनिवार रात लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। इसका वीडियो शेयर करते हुए DRDO ने बताया कि ओडिशा के तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम आजाद द्वीप से मिसाइल को ग्लाइडेड व्हीकल से लॉन्च किया गया। मिसाइल की फ्लाइट ट्रेजेक्टरी की ट्रैकिंग के बाद टेस्टिंग सफल मानी गई है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार सुबह X पर पोस्ट करते हुए कहा- इस मिसाइल की सफल टेस्टिंग से भारत उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल हो गया, जिसके पास ऐसी सैन्य तकनीक है। यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह देश के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

लंबी दूरी की इस हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज 1500 किलोमीटर से ज्यादा है। इस मिसाइल से हवा, पानी और जमीन तीनों जगहों से दुश्मन पर हमला किया जा सकता है। लॉन्च के बाद इसकी रफ्तार 6200 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच सकती है, जो साउंड की स्पीड से 5 गुना ज्यादा है।

#### हाइपरसोनिक मिसाइल की खासियत

हाइपरसोनिक मिसाइलों की सबसे खास बात ये है कि तेज स्पीड, लो ट्रैजेक्टरी यानी कम ऊंचाई पर उड़ान की वजह से इन्हें अमेरिका समेत दुनिया के किसी भी रडार से पकड़ पाना लगभग नामुमकिन है। इसी वजह से इन्हें दुनिया का कोई भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम मार नहीं सकता है।

हाइपरसोनिक मिसाइलें कई टन परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होती हैं। ये मिसाइलें 480 किलोग्राम के परमाणु हथियार या ट्रेडिशनल हथियार ले जा सकती हैं। परमाणु हथियार रखने वाले देशों के लिए यह मिसाइल अहम मानी जाती है।

# नवनीत राणा की चुनावी जनसभा में बवाल, फेंकीं गईं कुर्सियां



**अमरावती.** भाजपा की पूर्व सांसद रणनीत राणा की चुनावी सभा में शनिवार को भारी हंगामा हो गया। इस दौरान भीड़ काफी उग्र नजर आई और राणा की ओर कुर्सियां फेंकने लगी। गनीमत रही कि इस हमले में वह बाल-बाल बच गईं। नवनीत राणा महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद हैं। जिले के दरियापुर विधानसभा क्षेत्र में वह प्रचार के लिए पहुंची थीं। युवा स्वाभिमान पार्टी के उम्मीदवार रमेश बुंदीले के समर्थन में सभा आयोजित की गई थी। इस दौरान कुछ लोग उग्र हो गए और महिला सांसद की ओर कुर्सियां फेंकने लगे। साथ ही, जमकर नारेबाजी की गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार देर शाम आयोजित चुनावी बैठक चल रही थी। इस दौरान किसी बात पर बहस छिड़ गई और फिर हंगामा होने लगा। मामला इस हद तक बिगड़ गया कि कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। इस घटनाक्रम का वीडियो सामने आया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नवनीत राणा ने पूरी घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वह अपने समर्थकों के साथ खल्लार पुलिस स्टेशन पहुंची थीं। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी।

#### नवनीत राणा से मांगी गई 10 करोड़ की रंगदारी

गौरतलब है कि पूर्व सांसद नवनीत राणा को बीते दिनों धमकी भरी चिट्ठी मिली थी। इसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। अधिकारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिए पत्र भेजा। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

# कंगना बोलीं - राहुल गांधी को भाषण के लिए पर्ची लगती है



- **पीएम बिना पेपर देखे घंटेभर बोल सकते हैं**
- **राहुल ने कहा था- मोदी को मेमोरी लॉस**

**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद कंगना रनोट ने शनिवार को राहुल गांधी के भाषण का जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। लेकिन हमारे देश का विपक्ष इसे उपलब्धि की तरह नहीं देखता है। विपक्षी नेता पीएम मोदी की उपलब्धियों से जलते हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बिना पेपर देखे एक घंटे तक भाषण दे सकते हैं, जबकि राहुल को भाषण देने के लिए एक-एक मिनट पर पर्ची चाहिए होती है। वे बिना पर्ची के बात नहीं कर सकते हैं। और वो कह रहे हैं कि पीएम को मेमोरी लॉस हुआ है। राहुल को तहजीब सीखनी चाहिए।

दरअसल, राहुल गांधी ने शनिवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से की थी। राहुल ने कहा- 'मोदी जी की याददाश्त कमजोर हो रही है, अमेरिकी राष्ट्रपति को भी भूलने की बीमारी है।'

राहुल ने कहा कि मेरी बहन ने मुझे बताया कि आजकल मोदी जी अपने भाषणों में वही बातें बोल रहे हैं, जो हम बोल रहे हैं। शायद मोदी जी को मेमोरी लॉस हो गया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति भी भाषण देते वक्त भूल जाते थे। बोलना कुछ होता था और बोल कुछ और देते थे। फिर पीछे से उन्हें बताया जाता था कि ये नहीं बोलना है।

#### राहुल बोले- पीएम हमारे भाषणों की बातें दोहरा रहे

राहुल ने कहा कि मैं हर भाषण में संविधान की कॉपी लेकर चल रहा हूं, इसे दिखा रहा हूं, एक साल से कह रहा हूं कि भाजपा इस पर आक्रमण कर रही है। मोदी जी को पता लगा कि लोगों को गुस्सा आ रहा है तो मोदी जी कहने लगे हैं कि राहुल गांधी संविधान पर हमला कर रहे हैं। मैं हर भाषण में कहता हूं कि 50% आरक्षण की दीवार को गिराकर हम दायरा बड़ा कर देंगे। लोकसभा में मैंने मोदी जी के सामने ये कहा कि 50% आरक्षण की दीवार जिसे आप नहीं तोड़ना चाह रहे हो, उसे हम लोकसभा में तोड़कर दिखाएंगे, लेकिन उनको मेमोरी लॉस हो गया। वो कहते हैं कि राहुल गांधी आरक्षण के खिलाफ है।

## आम सूचना

मैं श्री नवीन रामचंद थावाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि गोडाऊन, 220 चौ.फुट, सामने खेमानी, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीआय016417700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती शोभा रामचंद थावाणी और अन्य तीन जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 9.11.2024 सी.नं. 2310 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नवीन रामचंद थावाणी**

## आम सूचना

मैं श्री रुवाबाली हबीबुला अनसारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि दो रुम, ग्राऊंड फ्लोर और 1ला माला पर, कमला नेहरू नगर, पारस किराना स्टोर के पास, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014144500) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामनिवास उपाशूसिंघ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.10.2024 सी.नं. 2042 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रुवाबाली हबीबुला अनसारी**

# 'कोहली इमोशनल, उन्हें टारगेट बनाओ'



- **न्यूजीलैंड से हारकर दबाव में होंगे**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी है। 54 साल के इस दिग्गज ने कहा, 'आउट ऑफ फॉर्म चल रहे कोहली खराब शुरुआत के चलते दबाव में होंगे। कंगारुओं को उन्हें टारगेट बनाना चाहिए। न्यूजीलैंड से हार के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पास उनके खिलाफ काफी गोला-बारूद है।

भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। टीम इंडिया को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है और यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। भारत को अपने दम पर फाइनल तक पहुंचने के लिए 5 में से 4 मैच जीतने ही होंगे।

मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियन मीडिया हाउस फॉक्स क्रिकेट से कहा, ₹कोहली पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं।₹

फॉक्स ने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय बैटिंग के लीडर रहे कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल 6 मैचों में उनका औसत 22.72 का रहा है। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर पाए। खराब फॉर्म से जूझते रहे।

अब ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से पहले चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट खेलेंगे या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। कोहली पर बैटिंग लाइनअप को लीड करने का दबाव होगा।'

#### मैक्ग्रा की चेतावनी- ज्यादा आक्रामकता से नतीजा उल्टा भी हो सकता है

मैक्ग्रा ने अपने प्लेयर्स को चेतावनी भी दी है कि कोहली को ज्यादा आक्रामक तरीके से निशाना बनाना नुकसान भी कर सकता है। हो सकता है कि कोहली दबाव से बाहर आ जाएं और खड़े हो जाएं, डट जाएं क्योंकि कोहली ऐसा खिलाड़ी है, जिसकी फॉर्म खराब चल रही है तो चल रही है, लेकिन अगर वो

## श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत

**नई दिल्ली.** देशभर में वंदे भारत ट्रेनों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। कम समय में गंतव्य तक पहुंचाने वाली वंदे भारत में शानदार सुविधाएं दी जाती हैं। अब नए साल पर श्रीनगर की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। जनवरी, 2025 में दिल्ली से श्रीनगर वंदे भारत की शुरुआत हो सकती है। यह सफर पूरी रात का होगा और सुबह लोग श्रीनगर पहुंच जाएंगे।

# 'लॉर्ड ऑफ ड्रग्स' हाजी सलीम NCB के रडार पर

- **पूरा नेटवर्क ध्वस्त करने की तैयारी**



**नई दिल्ली.** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) ने वांटेड स्मगलर हाजी सलीम के खिलाफ ऐक्शन तेज कर दिया है। 'लॉर्ड ऑफ ड्रग्स' के तौर पर पहचाने जाने वाले तस्कर को ट्रैक किया जा रहा है। साथ ही, उसकी ओर से चलाई जा रही कार्टेल गतिविधियों को खत्म करने के लिए बड़ा अभियान लॉन्च हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर 'ऑपरेशन सागर मंथन' के तहत कदम उठाए जा रहे हैं। एनसीबी मुख्यालय की संचालन शाखा के अधिकारियों और खुफिया विंग के ऑफिसर्स की टीम बनाकर यह ऑपरेश शुरू किया गया है। इसमें भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक और एटीएस गुजरात पुलिस के अफसर भी शामिल हैं। इसका मकसद अवैध ड्रग्स की समुद्री तस्करी से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे का मुकाबला करना है।

अधिकारियों ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में मोस्ट वांटेड ड्रग किंगपिनों में से एक हाजी सलीम है। उसका आपराधिक नेटवर्क पाकिस्तान से भारत और उससे आगे कई देशों में फैला हुआ है। इसके जरिए बड़े पैमाने पर ड्रग्स की सप्लाई की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के अलावा हाजी सलीम का तस्करी सिंडिकेट मॉरीशस, श्रीलंका और मालदीव जैसे कई देशों में काम करता है। यह सिंडिकेट बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए जिम्मेदार है। अमेरिका, मलेशिया, ईरान, श्रीलंका, मॉरीशस, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान सहित कई अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियां हाजी सलीम की तलाश में हैं। उसे चौतरफा घेरने के प्रयास हो रहे हैं।

#### 'सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक हाजी सलीम'

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा, 'हाजी सलीम दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक है। एशिया, अफ्रीका और पश्चिमी देशों में उसका मजबूत नेटवर्क फैला हुआ है। इसके जरिए हेरोइन, मेथमफेटामाइन और अन्य अवैध नशीले पदार्थों की बड़ी खेप की आपूर्ति की जाती है।' उन्होंने कहा कि हाजी सलीम का बहुत बड़ा नेटवर्क है। वह लंबे समय से हमारे रडार पर है। हमारी जांच अभी शुरुआती चरण में है। इसलिए मैं हाजी सलीम या किसी और के नाम पर और ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। सिंह ने कहा कि सलीम के तस्करी सिंडिकेट का पैमाना अद्वितीय है। उसका नेटवर्क नार्को-आतंकवाद गतिविधियों से जुड़ा है जो इलाके को अस्थिर करता रहा है। ये ड्रग्स न केवल समाज के लिए खतरा हैं, बल्कि सीमा पार आतंकी अभियानों को भी धन मुहैया कराते रहे हैं।

## आम सूचना

मैं श्री रामचंद बोधाराम आसवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि 1/3 शेयर आफ रुम नं.7, बैरक नं. 555, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 24बीआय019077800) उक्त प्रॉपर्टी श्री निर्मल बोधाराम आसवाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 13.11.2024 सी.नं. 2328 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामचंद बोधाराम आसवाणी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती मोमताज खातून एस.के. अब्दुल खायर सभी को सूचित कर रहा हूं कि आधा भाग शॉप नं. 101-ए, 70 चौ.फुट, 1ला माला, कोहिनूर काम्पलेक्स, बैरक नं. 352, साईड प्लाट आफ रुम नं. 1, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 21बीआय017690000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मनसूर बेगम मुजीबर शेख के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 13.11.2024 सी.नं. 2317 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मोमताज खातून एस.के. अब्दुल खायर**

## संक्षेप...

### मनपा अधिकारी ने की आत्महत्या

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई महानगरपालिका के अधिकारी मनोहर गांगुर्डे ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार को सामने आई और कामोठे पुलिस आगे की जांच कर रही है. मनोहर गांगुर्डे नवी मुंबई नगर निगम के ऐरोली डिवीजन कार्यालय में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

वह खुद कामोठे सेक्टर 16 स्थित प्रेमांबरसोसाइटी में रहता था। इसी स्थान पर शुक्रवार की रात उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जब पता चला कि वह दरवाजा नहीं खोल रहा है तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और जब पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो देखा कि उसने फांसी लगा ली है. उन्हें पता चला कि उन्हें होम लोन का नोटिस मिला है। इसलिए कामोठे पुलिस ने प्रारंभिक अनुमान जताया है कि आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने आत्महत्या की है. उक्त आत्महत्या की घटना शनिवार को रिपोर्ट की गई और आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक प्रियंका खरतमल द्वारा की जा रही है।

# मैं सीएम पद की रेस में नहीं

## महाराष्ट्र में वोटिंग से ठीक पहले एकनाथ शिंदे का बड़ा बयान

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को होने वाली वोटिंग से ठीक पहले राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वे सीएम पद की रेस में नहीं हैं। आजतक के साथ बातचीत में सीएम शिंदे ने कहा, "मैं मुख्यमंत्री पद की रेस में नहीं हूं, लेकिन महायुति से ही सीएम बनेगा।" उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि विधानसभा चुनाव के बाद महायुति के सहयोगी दल तय करेंगे कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। एकनाथ शिंदे लगभग ढाई सालों से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री हैं और देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उनकी सरकार में डिप्टी सीएम पद पर कार्यरत हैं।

इंटरव्यू के दौरान महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पूछा कि बाला साहेब ठाकरे को राहुल गांधी हिंदू हृदय सम्राट कब बोलेंगे? उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि वह अपने स्वार्थ के लिए ही कांग्रेस के साथ चले




गए। उन्होंने बीजेपी की पीठ पर छुरा घोंपा था। यदि आज बाला साहेब जिंदा होते तो वे अपने बेटे उद्धव को जंगल जाकर वाइल्ड लाइफ फोटो खींचने के लिए कहते। महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होनी है और झारखंड व अन्य उपचुनावों वाली सीटों के साथ 23 नवंबर को महाराष्ट्र के भी नतीजे सामने आएंगे।

महाराष्ट्र में इस बार महायुति और महा विकास अघाड़ी आमने-सामने हैं। महायुति में बीजेपी, एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना, अजित पवार की एनसीपी हिस्सा है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना शामिल हैं। पिछले दो-ढाई सालों में राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सबसे पहले साल 2022 में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे से बगावत कर दी थी और बीजेपी की मदद से मुख्यमंत्री बन गए थे। उनके साथ शिवसेना के ज्यादातर सांसद और विधायक भी चले गए। वहीं, पिछले साल एनसीपी में भी तब फूट हुई, जब अजित पवार चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत करते हुए महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए।

## RBI को आया धमकी भरा कॉल

■ मुंबई पुलिस ने दर्ज किया केस



**मुंबई.** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रविवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को धमकी भरा फोन आया। मुंबई पुलिस के मुताबिक, यह फर्जी फोन कॉल आरबीआई के कस्टमर केयर विभाग को किया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी तरफ महाराष्ट्र में चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई भी तेज कर दी है। इसी के तहत नागपुर में 14.5 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोने की यह खेप गुरुवार को विमान के जरिए नागपुर पहुंची थी। इसे अमरावती ले जाया जा रहा था, लेकिन शनिवार को ही अधिकारियों ने इसे अंबाजारी से वादी जाते हुए रोक लिया।

जब्त किया गया सोना जेवरात और बिस्किट के रूप में है। इसे गुजरात की एक फर्म सीक्वल लॉजिस्टिक की तरफ से भेजा गया था। फिलहाल सोने को अंबाजारी पुलिस स्टेशन में रखा गया है। जांच में सामने आया कि सीक्वल लॉजिस्टिक्स ने आचार संहिता के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में सोना ले जाने के लिए चुनाव आयोग की मंजूरी नहीं ली थी।

## चेन-स्नेचिंग गिरोह पर मकोका के तहत मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** पुलिस ने डकैतों और चेन स्नैचरों के एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के कड़े प्रावधानों को लागू किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 23 से 26 अक्तूबर के बीच नवी मुंबई के कई इलाकों में चेन-स्नेचिंग की कई घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने कुछ टीमें बनाईं और तकनीकी जानकारी का उपयोग करके मामलों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने 40 से 45 हाउसिंग सोसाइटियों के साथ-साथ गेस्ट हाउसों में भी तलाशी ली। पुलिस ने इसके बाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली और नवी मुंबई के रहने वाले 19 से 27 वर्ष की आयु के चार लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309 (डकैती) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

## चुनाव के कारण 4 दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के चलते मुंबई में चार दिन ड्राई डे का ऐलान किया गया है। इन चार दिनों में देश की आर्थिक राजधानी में शराब की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुंबई समेत राज्य के कुछ अन्य शहरों में चार दिन ड्राई डे रहेगा, जो 18 नवंबर, सोमवार से शुरू होंगे। राष्ट्रीय या सांस्कृतिक महत्व वाले दिनों में लगाए जाने वाले ड्राई डे पर शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए मुंबई और अन्य शहरों में 18 नवंबर यानी सोमवार को शाम 6 बजे से 20 नवंबर को शाम 6 बजे तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा 23 नवंबर को शाम 6 बजे तक शराब की बिक्री पर बैन रहेगा, क्योंकि चुनाव आयोग उस दिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित करेगा।

इस बीच, बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने अपने अंतर्गत काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 20 नवंबर को छुट्टी घोषित कर दी है ताकि वे अपना वोट डाल सकें। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी के आदेश के अनुसार, आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएमसी सीमा के भीतर काम करने वाले किसी भी कर्मचारी को 20 नवंबर को छुट्टी लेने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है या उसका वेतन नहीं काटा जा सकता है।

## एकनाथ शिंदे का धनुष-बाण ही भिवंडी का करेगा विकास

### संतोष शेट्टी की सर्वधर्म समाज के मतदाताओं से वोटिंग की अपील.

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पूर्व सीट से महायुति प्रत्याशी संतोष शेट्टी ने मतदाताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि, शहर विकास की खातिर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धनुष बाण निशान को 20 नवंबर को बटन दबाकर जिताना जरूरी है.उन्होंने मतदाताओं से अपने मन की बात कहते हुए कहा कि, महाविकास आघाड़ी गठबंधन लोगों को जाति,धर्म में बांटकर समाज में नफरत फैला रहा है. प्रधानमंत्री मोदी की सरकार एवं महायुति सरकार में प्रदेश का सर्वांगीण विकास शुरू है. महायुति



सरकार चुनाव जीतकर विकास कार्यों को नया आयाम देगी.मबिआ गठबंधन के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सरकार के कार्यकाल में सभी विकास कार्य बंद हो गए थे.महायुति के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,अजीत पवार की बदौलत ही भिवंडी पूर्व क्षेत्र में आरसीसी सड़कों का निर्माण,मॉडर्न स्कूलों का निर्माण,स्वास्थ्य सुविधा सेंटर का निर्माण होने से जनता को भरपूर फायदा मिल रहा है.लाडली बहना शिंदे सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है जिससे लाखों गरीब बहने आर्थिक, मानसिक रूप से मजबूत हुई.महायुति सरकार द्वारा किए गए तमाम विकास कार्यों का हवाला देकर सपा प्रत्याशी झूठ बोलकर जनता को अपने द्वारा किया कार्य गिनाकर गुमराह कर रहे हैं. धनुष बाण निशानी से महायुति प्रत्याशी संतोष शेट्टी को जिताने के लिए महायुति कार्यकर्ता, उत्तर भारतीय समाज, यादव समाज, पद्मशाली तेलगु समाज, रिपब्लिकन एकतावादी पक्ष, आरपीआई, मारवाड़ी, गुजराती, तेलगु, मराठी,दलित समाज सहित तमाम सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाएं दिन रात मेहनत कर रही है.महायुति के हजारों समर्थक संतोष शेट्टी की जीत के लिए क्षेत्र में रैली, पदयात्रा कर मतदाताओं से हाथ जोड़कर समर्थन मांग रहे हैं. चुनावी रैलियों, सभाओं में महायुति प्रत्याशी शेट्टी को हजारों मुस्लिम लाडली बहनों द्वारा खुलकर शामिल होने से सपा प्रत्याशी के खेमें में भारी सेंध लग चुकी है जिससे संतोष शेट्टी की ताकत कई गुना बढ़ गई है.

## एक रो हाउस से दो करोड़ साठ लाख कैश जब्त

■ चुनाव आयोग और ठाणे पुलिस की संयुक्त कार्रवाई !

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी. इस बीच राज्य में चुनाव प्रचार तेज हो गया है. इसी के तहत चुनाव के दौरान राज्य में पुलिस व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया है और हर चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है. आचार संहिता के तहत राज्य में जगह-जगह पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में नकदी जब्त किये जाने की तस्वीर सामने आ रही है.

राज्य में चुनावी मौसम चल रहा है और कहीं भी गड़बड़ी रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर दी है. 20 नवंबर को प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही पुलिस ने जगह-जगह नाकेबंदी कर दी है. संदिग्ध वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही है और कई स्थानों से नकदी, कीमती धातुएं, सामान जब्त किए गए हैं.

इसी तरह, ठाणे पुलिस को नवी मुंबई के नेरुल पुलिस स्टेशन में नेरुल सेक्टर 16 में एक बिल्डर के घर में नकदी होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. जब उक्त रो हाउस पर छापा मारा गया तो कुल 26 लाख की नकदी मिली. करीब ढाई करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है और यह कार्रवाई चुनाव आयोग और ठाणे पुलिस की संयुक्त बड़ी कार्रवाई है और इसमें करोड़ों रुपये की नकदी जब्त की गई है.

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फिलहाल राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है. विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि चुनाव के दौरान वोट पाने के लिए मतदाताओं को नकदी दी जा रही है. इन मामलों पर लगाम कसने के लिए आयकर विभाग, मुंबई पुलिस और चुनाव आयोग के कर्मचारी गश्त कर रहे हैं. वे छापेमारी भी कर रहे हैं.

इस बीच पुलिस ने नवी मुंबई के नेरुल सेक्टर 16 में एक रो हाउस से 2.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ब्रम्हानंद नायकवाड़ी ने कहा, 'हमने एक रो हाउस से नकदी जब्त की है। यह नकदी करीब ढाई करोड़ रुपये है. यह जब्त नकदी किसकी है और नवी मुंबई में कहां से आई? फिलहाल पुलिस की ओर से जांच जारी है. चुनाव आयोग और पुलिस ने मिलकर यह रकम जब्त की है.

## गोविंदा के सीने में उठा दर्द, अस्पताल में भर्ती



■ चुनाव प्रचार के लिए रैली का हिस्सा बने थे

■ तबीयत बिगड़ने पर रोड शो अधूरा छोड़ा

**मुंबई.** बीते कुछ दिनों से अचानक पैर में गोली लगने से सुर्खियों में बने हुए गोविंदा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। हाल ही में गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवारों का प्रचार करने एक रोड शो का हिस्सा बने थे, हालांकि इसी दौरान उनके सीने में दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हाल ही में आई टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, गोविंदा शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता माहयुति के उम्मीदवारों के सपोर्ट में पचोरा में रोड शो का हिस्सा बने थे। रैली जलगांव पहुंची ही थी कि इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा था। तबीयत बिगड़ने पर गोविंदा ने रैली बीच में ही छोड़ दी और अस्पताल पहुंचे।

फिलहाल उनकी हेल्थ से जुड़ी कोई अपडेट सामने नहीं आ सकी है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि देर रात गोविंदा घर पहुंच चुके हैं। बताते चलें कि गोविंदा खुद भी कांग्रेस के पूर्व लोकसभा सांसद रह चुके हैं।

### कुछ दिनों पहले ही लगी थी पैर में गोली

1 अक्टूबर की सुबह गोविंदा को पैर में गोली लगी थी। गोविंदा घर में अकेले थे और उन्हें एक प्रोग्राम के लिए कोलकाता रवाना होना था। इसी दौरान घर में रखी रिवॉल्वर साफ करते हुए हादसा हो गया था। गोविंदा ने गन साफ कर अलमारी में रखी, तभी गन गिर गई और मिसफायरिंग से गोली उनके पैर में लगी। उन्हें मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में एडमिट किया गया था। 3 दिनों बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

## विलास पाटिल जीतकर करेंगे विकास के नारे की शहर में गूंज

■ हिंदू, मुस्लिम समाज का भारी समर्थन

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम सीट से निर्दलीय प्रत्याशी विलास आर पाटिल का सर्व समाज के मतदाताओं द्वारा खुल कर समर्थन करने से उनकी जीत की राह आसान होने लगी है.निजामपुर क्षेत्र में मनपा उर्दू पीली स्कूल में हुई प्रचार सभा में मुस्लिम समाज के गणमान्य हस्तियों ने विलास पाटिल को भारी मतों से जिताने का वादा किया. हिंदू, मुस्लिम सर्व समाज द्वारा खुलकर समर्थन करने से चुनाव में उनकी वोटिंग ताकत का भारी इजाफा होने से चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों के पसीने छूटने शुरू हो गए हैं.उक्त मौके पर मुस्लिम समाज के अगुवा समाजसेवी हाजी निसार मास्टर, पूर्व उप महापौर इमरान खान,औरंगजेब अंसारी,मलिक मोमिन,हाजी कबीर अंसारी, तव्वाब अंसारी सहित हजारों की तादाद में महिला, पुरुष,युवा वोटर



मौजूद थे.

गौरतलब हो कि,निजामपुर क्षेत्र में मनपा उर्दू पीली स्कूल प्रांगड़ में विलास आर पाटिल की हुई प्रचार सभा में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपना खुला समर्थन देने का इजहार कर विरोधियों की नींद उड़ा दी है.मुस्लिम समाज अगुवा हाजी निसार मास्टर,पूर्व उप महापौर इमरान खान सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने वोटरों से विलास पाटिल के चुनाव निशान टीबी पर मतदान कर शहर का सर्वांगीण विकास किए जाने की अपील की.सभा में मौजूद हजारों वोटरों ने विलास पाटिल को जिताने के लिए दिन रात मेहनत करने का भरोसा दिया.

प्रत्याशी विलास आर पाटिल ने मतदाताओं से समर्थन की मार्मिक अपील करते हुए कहा कि,30 वर्षों से मनपा जनप्रतिनिधि के तौर पर शहर विकास एवं मूलभूत बुनियादी सुविधा मुहैया कराए जाने का कार्य किया है. विधायक का चुनाव जीतकर विकास कार्यों को अंजाम देकर विकसित शहर बनाने का कार्य करूंगा.आप सब मुझे ताकत दीजिए.मैं ही शहर का सर्वांगीण विकास कर शहर को ठाणे जिले में नई पहचान दूंगा.पूर्व महापौर विलास पाटिल को सर्व समाज का मिलता भारी समर्थन एवं जीत को लेकर उनके विश्वास से सभी दलों के प्रत्याशी बेचैन हो गए हैं.

## अजहरुद्दीन ने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे दयानंद चोरघे को जिताकर विकास सुनिश्चित करने की अपील पूर्व सांसद अजहरुद्दीन ने की है. वे कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद चोरघे के समर्थन में स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम से दरगाह रोड तक हजारों समर्थकों की निकली बाइक रैली में शामिल होकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे थे.

प्रत्याशी दयानंद चोरघे की अगुवाई में निकली बाइक रैली में इवेन डिसूजा (एमएलसी, सेक्रेट्री एआईसीसी), मु.तारिक फारूकी (प्रदेश जनरल सेक्रेट्री), जिलाध्यक्ष रशीद ताहिर मोमिन, पूर्व सांसद सुरेश टावरे, पूर्व शिक्षण सभापति प्रदीप राका, पूर्व न ग र से वि का रिसिका प्रदीप राका, गुप्ता, सोहेल खान, अनस अंसारी, सलाम शेख, अशोक पाटिल, तलहा मोमिन,रेहाना अंसारी, उद्धव गट सेना से मनोज गगे सहित मबिआ गठबंधन पदाधिकारी, कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे.

भिवंडी चुनाव प्रचार की खातिर पहुंचे कांग्रेस पूर्व सांसद



अजहरुद्दीन ने केंद्र की मोदी सरकार एवं महाराष्ट्र की महायुति सरकार को घेरते हुए कहा कि, पावरलूम नगरी भिवंडी विकास से कोसों दूर है. मोदी सरकार की गलत नीतियों से लाखों लोगों को रोजगार देने वाला पावरलूम उद्योग बढ़ती बिजली दरों से कमोवेश बंद हो चुका है. लाखों गरीब मजदूरों का रोजगार मोदी सरकार ने छीना है. शहर की सड़कें बदहाल हैं.

कांग्रेस जनरल सेक्रेट्री मु.तारिक फारूकी ने भी चुनाव में उतरे सभी प्रत्याशियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि,मनपा एवं राज्य की सत्ता का सुख भोगने वालों को केवल चुनाव में ही विकास की याद आती है. बेहद शर्मनाक है कि,भिवंडी को विकास से काफी दूर करने वाले अब विकास की बात कर रहे हैं.अपना अमूल्य वोट पंजा पर करें जिससे पावरलूम उद्योग में खुशहाली एवं शहर का सर्वांगीण विकास हो सके.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## माधुरी दीक्षित ने सुनाया घाघरा गाने की शूटिंग का किस्सा

■ बोलीं- रणबीर कपूर काफी शरारती हैं, उनके साथ काम करके अच्छा लगा

माधुरी दीक्षित ने हाल ही में फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' को लेकर बात की। एक इंटरव्यू के दौरान, एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर को शरारती बताया और कहा कि वह बहुत चंचल और मस्ती करने वाले हैं। लेकिन उनके अंदर एक काफी शांत स्वभाव भी है। इसके अलावा, माधुरी ने घाघरा सॉन्ग को लेकर भी बात की। पिंकविला के साथ बातचीत में माधुरी दीक्षित ने कहा, 'ये जवानी है दीवानी फिल्म में मैंने घाघरा गाने पर डांस किया था।




मुझे यह गाना करते हुए बहुत मजा आया, क्योंकि सबसे पहले गाना तो शानदार था। लेकिन जिस तरीके से इसे फिल्माया गया। वह और भी ज्यादा बेहतरीन था। यह फिल्म में एक ऐसे मोड़ पर आता है, जहां यह सभी को हैरान कर देता है।'

माधुरी दीक्षित ने आगे कहा, 'इस गाने में मेरे साथ रणबीर कपूर भी थे। उनके साथ काम करना बहुत ही ज्यादा मजेदार था। वह बहुत शरारती हैं, लेकिन आप जान नहीं सकते, वह बहुत शांत भी होते हैं।'

माधुरी दीक्षित ने अपने आइकॉनिक गानों के सलेक्शन के बारे में कहा, 'मैंने सोचा था कि वैसे चोली के पीछे गाने कर लिए हैं, चलो अब घाघरा पर डांस करते हैं। इतना ही नहीं, मैंने द फेम गेम के लिए दुपट्टा मेरा भी किया, तो अब दुपट्टा भी हो गया।'

साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म ये जवानी है दीवानी जबरदस्त हिट रही थी। 320 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली इस फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099